महाकौशल राज्य की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

छपारा, देशबन्धु । महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी जिला ईकाई सिवनी के तत्वाधान में निम्न बिंदुओं में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सतीश नाग, ठाकुर मुखराम सिंह (प्रदेश महामंत्री) राजेंद्र मनकवाडे (ब्लॉक अध्यक्ष बरघाट) पेकराम पटले सदस्य, रामकुमार गेडाम सदस्य, दीनदयाल नाग (ब्लॉक अध्यक्ष सिवनी) संजय तिवारी (सचिव) एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे। ज्ञापन में बिंदु निम्न है।

मध्य प्रदेश से अलग कर पृथक महाकौशल राज्य बनाया जाए। महाकौशल राज्य की राजधानी जबलपुर बनाई जाए। हर ग्राम पंचायत के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम में फसल की खरीदी का केंद्र बनाया जाए। शिक्षित बेरोजगारों को वर्तमान में किसी भी प्रकार का रोजगार उपलब्ध नहीं है जिससे उनकी हालत गंभीर है ऐसे शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

जिला सिवनी की कुछ तहसील में एसडीएम महोदय प्रत्येक दिन में बैठे ऐसी व्यवस्था की जाए। सिवनी नगर में यातायात व्यवस्था बिल्कुल ठीक नहीं है बस स्टैंड से बाजार तक व्यवस्था दुरुस्त की जाए।

छपारा पुलिस थाने से वैनगंगा तट के बीच में शराब दुकान है इससे अन्यत्र हटाया जाए।

ताकि धार्मिक आयोजन में आने जाने वालों को कोई तकलीफ ना हो। संपूर्ण सिवनी जिले के अंतर्गत कई ग्रामों में एवं नगर परिषदों के अंतर्गत कई वार्ड में वहां के निवासियों के पास जमीन के आवास के पट्टे नहीं है अत: तत्काल आवासीय पट्टी प्रदान किए जाएं। ताकि वह शासन की योजना का लाभ दे सकें इस प्रकार का ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर महोदय के माध्यम से सिवनी में सोपा गया।

शिव महापुराण आयोजित

छपारा, देशबन्धु । नगर के सिंचाई कालोनी के समाने स्थित निजी लॉन में सोलह मार्च से पच्चीस मार्च तक श्री शिव महापुराण ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस बैनगंगा नदी तट से कलश भर कर शोभा यात्रा निकली गई थी वहीं सत्रह तारीख से दोपहर 3 बजे से शाम पांच बजे तक सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

विदित हो कि जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित श्री शिव महापुराण में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए बताए कि यह शिवपुराण नामक ग्रन्थ चौबीस हजार श्लोको से युक्त है। इसकी सात संहिताएँ हैं। पूज्य महाराज श्री ने आगे बताया कि मनुष्य को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से संपन्न होने के लिए शिव महापुराण का श्रवण अवश्य करना चाहिए।

सात संहिताओं से युक्त यह दिव्य शिवपुराण परब्रह्म परमात्मा के समान विराजमान है तथा सबसे उत्कृष्ट गति प्रदान करने वाला है। श्री शिव महापुराण में भगवान शिव के विविध रूपों, अवतारों, ज्योतिर्लिंगों, भक्तों और भक्ति का विशद् वर्णन किया गया है। इसमें शिव के कल्याणकारी स्वरूप का तात्त्विक विवेचन, रहस्य, महिमा और उपासना का विस्तृत वर्णन है।

जनसुनवाई में आए एक सौ चार आवेदन

सिवनी, देशबन्धु । प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील घंसौर ग्राम कहानी निवासी भुक्कूलाल अहिरवार द्वारा वेतन वृध्दि एरियर्स की राशि भुगतान कराने विषयक, तहसील केवलारी ग्राम जेवनारा निवासी गिरधारी मेश्राम द्वारा नामांतरण कराने विषयक, ग्राम सापापार मुंगवानी सिवनी निवासी मूरत सिंह सनोडिया द्वारा फसल पंजीयन निरस्त कराने विषयक, तहसील घंसौर ग्राम कुडोपार निवासी हबीब शाह द्वारा पात्रता पर्ची दिलाने, ग्राम चारगांव निवासी राममनी द्वारा आवागमन का रास्ता अवरूध्द करने की शिकायत सहित कुल 104 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

सार-समाचार

श्री राम मंदिर में होली मिलन पर भजन कार्यक्रम आयोजित

सौसर, देशबन्धु। गत दिवस सोहन भजन मंडल अमरावती द्वारा सौसर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित श्री राम मंदिर में मनमोहक भजनों की शानदार प्रस्तुति होली मिलन कार्यक्रम के अवसर पर दी । इस अवसर पर मनभावन रामायण की रचयिता रजनी अकोली कर द्वारा स्वरचित गीतों की माला पिरोते हुए अपनी साथी अलकनंदा तुलजापुर कर के साथ सदर करते हुए अपनी स्वर लहरी से सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया । इस अवसर पर वंदना वानखेडे, सौ संगवाई, सौ गुर्जर,सौ देशमुख,सौ भोरकर, श्रीमति देशपांडे, दीप्ति खड़तकर, सौ ठाकुर द्वारा मनभावन भजनों का शानदार प्रस्तुतीकरण किया गया । हारमोनियम पर रामेश्वर सुपतकर कर एवं ढोलक व तबला पर विट्ठल भाऊ ने साथ दिया । इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा भजनों का भरपूर रस्वादन किया गया ।

राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर आयोजित

जुन्नारदेव, देशबन्धु। शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का विशेष शिविर ग्राम पंचायत चिकलमऊ में 11 मार्च 2024 से लगाया गया था जिसका समापन 17 मार्च सोमवार को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर एवं पंचायत सरपंच सुखमन उईके की उपस्थिति में किया गया। समापन अवसर पर स्वयं सेवकों द्वारा 7 दिन में किए गए कार्यों का वर्णन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, जल संरक्षण, वृक्षारोपण सहित अन्य कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति भी दी गई। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा 7 दिनों तक सेवा भाव से शिविर संचालन के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ एसके शेण्डे को धन्यवाद प्रेषित किया गया, साथ ही स्वयं सेवको द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉक्टर संगीता वाशिंगटन, प्रो आरडी वाडिवा, प्रोफेसर आरके चंदेल डॉक्टर रश्मि नागवंशी डॉक्टर के सोनगरा सहित महाविद्यालय स्टाफ पंचायत सचिव पंचगण सहित ग्रामवासी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार डॉ एसके शेण्डे द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कंप्यूटर शिक्षक लक्ष्मी प्रसाद नागवंशी एवं रवि इवनाती का विशेष सहयोग रहा।

धनोज कुनबी समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित

सौसर, देशबन्धु। हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी धनोज कुनबी समाज संगठन सौसर मध्य प्रदेश का वार्षिक स्नेह सम्मेलन मां भगवती मंगल कार्यालय बोरगांव में लक्ष्मण घोरमारे कि अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सभी अतिथियों द्वारा समाज दर्शन पत्रीका का विमोचन करते हुए,समाज बंधुओं में वितरित किए गये है।

जिसमें छिंदवाड़ा/पाण्डुरना जिले के युवा सांसद विवेक बंटी साहु, राजुरा के विधायक देवराव भोंगडे, वनी,वरोरा, चंद्रपुर, राजुरा, भद्रावती, गढचांदुर नागपुर के सभी समाज संगठन के अध्यक्ष एवं अपने अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ सम्मेलन में पहुंचे,सौसर संगठन के अध्यक्ष युवराज वासाडे ने जो सम्मेलन के पूर्व में अपने साथियों के साथ मिलकर गांव-गांव जाकर सम्मेलन के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया उनके चलते आज तक के सबसे अधिक समाज बंधुओ की उपस्थिति नजर आयी। चंद्रपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता सातपुते ने समाज में एकजुटता से हर कार्य संभव हो सकता है,चाहे राजनीतिक हो या सामाजिक एकता सबसे बड़ी ताकत है। एवं सौसर समाज के अध्यक्ष युवराज वासाडे ने अगला लक्ष समाज भवन निर्माण हेतु हर संभव प्रयास किए जायेंगे तथा जिला छिंदवाड़ा के सांसद महोदय से सहयोग कि गुहार लगाई। युवा सांसद बंटी साहू के व्दारा दस लाख रुपए भवन निर्माण के लिए देने का आश्वासन दिया है। रायसोनी कालेज के एज्युकेशन डिन डॉ अरविन्द बोढे ने कहा समाज में युवाओं का शिक्षीत होना सबसे बड़ी ताकत है। राजुरा विधायक देवराव भोंगडे ने समाज कार्य हेतु हर संभव मदद करने का वादा किया। पूर्व जिला पंचायत सभापति विलास जोगी ने महाराष्ट्र के समाज बंधुओं व्दारा किये गये सहयोग की सराहना की।

सम्मेलन में छात्रों को संस्थापक सदस्य एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सत्कार किया गया कार्यक्रम में सौसर तथा नागपुर जिले के सर्वाधिक समाज बंधुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में श्रीपत दातारकर उपाध्यक्ष, राजु बोबडे उपाध्यक्ष, शंकर राव सावनकर कोषाध्यक्ष, दिनेश पिपंलकर सचिव,ओमप्रकाश भोयर सहसचिव, डॉ सेवकराम गमे सदस्य, रिमाजी देठे, शंकर राव वासाडे, तुकाराम बोबडे आदि उपस्थित थे।

राज्यस्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड सम्मान समारोह में सहभागिता करेगें जिले के सात विद्यार्थी

सिवनी, देशबन्धु। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड एवं सम्मान समारोह दिनांक 20 एवं 21 मार्च 2025 को आईएएसई परिसर भोपाल में आयोजित होगा।

जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने बताया कि कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में सत्र 2024-25 ओलंपियाड अंतर्गत जिलास्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में अंग्रेजी विषय में चयनित (प्रथम स्थान) कक्षा 02 से कक्षा 08 के 07 प्रतिभागी बच्चे, 07 अभिभावक, 07 मार्गदर्शी शिक्षक एवं एपीसी अकादमिक के कुल 22 व्यक्तियों की सहभागिता जिले से होगी। चयनित प्रतिभागियों में रूचि शिववेदी कक्षा-02 शा.प्रा.शा.छपारा कालोनी, भव्या नागले कक्षा-03 सीएमराईज डूंडा सिवनी, रत्नेश भारद्वाज कक्षा-04 सीएमराईज डूंडा सिवनी, अदव्य परिहार कक्षा-05 शा.प्रा.शा. राजारानीटोला, आदित्य मेहरा, कक्षा-06 शा.मा.शा.चंदोरीखुर्द, मान्शू बागरी कक्षा-07 सीएमराईज डूंडा सिवनी एवं पारस तिवारी कक्षा-08 सीएमराईज केवलारी शामिल होंगे। राज्यस्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में सहभागिता करने हेतु जिला परियोजना समन्वयक महेश बघेल की उपस्थिति में 22 सदस्यीय दल दिनांक 19 मार्च भोपाल के लिए रवाना होगा। उल्लेखनीय है कि सत्र 2024-25 ओलंपियाड अंतर्गत जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में विषयवार चयनित कक्षा 02 से 08 के (प्रथम स्थान) 32 प्रतिभागियों के लिए जिलास्तर पर सम्मान समारोह दिनांक 25 मार्च, 2025 के पूर्व जिले के कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में किया जाऐगा।

रोहित द्विवेदी को दी विदाई, बृजेश पांडे ने संभाला पदभार

कुम्हारी, देशबन्धु। थाना कुम्हारी परिसर में विदाई समारोह का आयोजन हुआ जिसमें थाना प्रभारी रोहित द्विवेदी के लिए फूल मालाओ श्रीफल साल के साथ विदाई दी गई साथ ही उनके दो वर्ष पूर्ण होने के कार्यकाल को लेकर प्रकाश भी डाला गया । वही नवागत थाना प्रभारी बृजेश पांडे का आगमन हुआ जिनका पदभार ग्रहण होने पर श्रीफल साल के साथ सम्मान किया वही प्रधान आरक्षक नीरज राय के विदाई दीं।

कार्यक्रम में सभी का आभार व्यक्त किया । ए एस आई गोविन्द सिंह ने आयोजन में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बेनी सिंह लोधी दिनेश जैन, अजय यादव, वरिष्ठ पत्रकार जगत यादव,उज्जैन यादव, संतोष यादव, बलीराम अहिरवाल, सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

ग्राम मेख में वयोवृद्धों का सम्मान

गोटेगांव, देशबन्धु। तहसील गोटेगांव के अंतर्गत समीपी ग्राम मेख में 90+आयु वर्ग के बुजुर्गो के सम्मान की कड़ी में अंतरराष्ट्रीय नेमा साहित्य मंच के पदाधिकारी गणों द्वारा ग्राम पंचायत मेख के प्रतिष्ठित नन्हेघर परिवार की वयोवृद्ध मुखिया भागवती देवी पत्नी स्वर्गीय 0पुरषोत्तम लाल का अभिनन्दन किया गया।

मां से बढ़कर कोई दूजी छाया नहीं होती है, मां की ममता जीवन के उत्थान की ज्योति है, उक्ताशय के साथ शिक्षक, साहित्यकार सत्यम नेमा ने सम्मान समारोह का आगाज किया। बुजुर्गो का ख्याल रखना, उनके पास बैठना उनसे बातें करना, उनसे मार्गदर्शन लेना, यकीन मानिए आपको जीवन में सफलताओं की बुलंदी तक ले जाता है। नेमा साहित्य मंच के संयोजक विजय नेमा अनुज ने कार्यक्रम में अपने भाव व्यक्त कर शाल श्रीफल भेंट कर ,तिलक लगाकर श्रीमती भागवती देवी का अभिनन्दन किया। नेमा समाज मेख के अध्यक्ष शरद नेमा ने इस नेक और सराहनीय कार्य के लिए नेमा साहित्य मंच जबलपुर को साधुवाद दिया और अभिनन्दन पत्र का वाचन किया।

कार्यक्रम में परिजनों में सविता नेमा, सुमन नेमा, सुरेंद्र नेमा, सुधा नेमा, राकेश नेमा, रेखा नेमा, विनीता अतुल, सुरभि, रोहित, सिद्धार्थ, स्नेहा सहित समाज के अजय नेमा, सन्तोष, शिवशंकर, सत्यम नेमा आदि की सराहनीय उपस्थिति रही।

दैनिक राशिफल

बुधवार 19 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की पंचमी, नक्षत्र-विशाखा।

मेष
आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

वृषभ
आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन
आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है।

कर्क
अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

सिंह
आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

कन्या
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

तुला
आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

वृश्चिक
साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

धनु
आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

मकर
जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

कुंभ
अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

मीन
आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म.

ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद ने की नर्मदा परिक्रमा

गोटेगांव, देशबन्धु। अनंत श्री विभूषित पीठद्वयाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य महाराज के निजी सचिव परम पूज्य ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महाराज ने विशाल जन समुदाय के साथ आज 17 मार्च 2025 तदनुसार चैत्र कृष्ण तृतीया में आज से 10 दिवस पूर्व पतित पावनी मां नर्मदा की परिक्रमा प्रारंभ कर आद्य शंकराचार्य जी की दीक्षा स्थली गोविंद भगवत्पादाचार्य भगवान की गुफा (गुरु गोविंद नाथ वन) हिरण एवं मां नर्मदा के संगम में परिक्रमा पूर्ण कर आदिदेव महादेव ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में मां नर्मदा के जल से ओंकारेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने के लिए प्रस्थान किया।

इस अवसर पर परम पूज्य ब्रह्मचारी जी के साथ में ब्रह्मचारी विमलानंद, आचार्य राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, शारदानंद द्विवेदी, डॉक्टर शोभाराम दुबे, बसंत पाठक, विजय पाठक, सुनील रमन शर्मा, सत्यप्रकाश अग्रवाल, टी. पी. तिवारी, नरेंद्र चतुर्वेदी, भोला, भाईलाल यादव, गोविंद पटेल, आदि 35 लोगों ने मां नर्मदा की परिक्रमा सानंद संपन्न की ।

शिव प्रिय मेकल शैल सुता सी सकल सिद्धि सुख संपति राशि। शास्त्रों में कहा गया गया है मां नर्मदा शिव को अति प्रिय एवं समस्त सिद्धियों की देने वाली हैं, इसीलिए परिक्रमावासी अपनी परिक्रमा को पूर्ण कर नर्मदा जल से ओंकारेश्वर महादेव को जल अर्पित करने जाते हैं।

ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी ने बताया कि उनके गुरु ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी, स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की नर्मदा परिक्रमा करने की इच्छा थी परमपूज्य गुरुदेव के उस संकल्प को पूर्ण करने के लिए उन्होंने इस अवस्था में यह परिक्रमा की है।

अगामी 20 मार्च को मां रेवा का विशेष पूजन अर्चन कर विशाल चुनरी अर्पित की जाएगी साथ ही साथ मां नर्मदा को 56 भोग अर्पित कर समस्त भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा ।इस अवसर पर विशाल भंडारे एवं 56भोग का आयोजन सांकल घाट में किया जा रहा है जिसमें आप सभी गुरुभक्तों को सादर आमंत्रित किया गया है।

शासकीय समर्थन मूल्य खरीदी हेतु बैठक आयोजित

चौरई,देशबन्धु। 17 मार्च 2025 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देशन मैं चना मसूर सरसों एवं गेहूं फसल के पंजीयन अधिक से अधिक कराने हेतु तहसील के सभागार में समिति प्रबंधक एवं कृषि विस्तार अधिकारियों की मीटिंग ली गई।

जिसमें तहसीलदार चौरई प्रीति पटेल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उमेश पाटील एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे । उक्त मीटिंग में समिति प्रबंधक एवं कृषि विस्तार अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि समय अवधि में किसानों का अधिक से अधिक पंजीयन करेंगे एवं किसानों से संपर्क कर पंजीयन अधिक से अधिक करवाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु कहा गया ।